**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, DAMMAM**

**VISION MIDDLE SECTION**

**ANNUAL REVISION WORKSHEET (2025-2026)**

**CLASS – VII** **SUBJECT - HINDI**

---

**पाठ -4** पानी रे पानी, **पाठ-5** नहीं होना बीमार, **कविता -9** चिड़िया,
**कविता -6** गिरिधर कविराय की कुंडलिया ,
**व्याकरण :** पर्यायवाची शब्द, वाक्यांश बोधक , विशेषण, शब्द और वाक्य शुद्धिकरण, अनुच्छेद लेखन (**भारत की ऋतुएँ** ) पत्र लेखन –(**अनौपचारिक पत्र )** पठित ,अपठित गद्यांश , पठित पद्यांश , निर्देशानुसार उत्तर लिखिए

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए |**

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और हरियाली हमें प्रकृति से प्राप्त होती है। यदि पर्यावरण संतुलित रहता है, तो मनुष्य स्वस्थ और सुखी जीवन जी सकता है। आज बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई और जल की बर्बादी के कारण पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इसका सीधा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ रहा है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, जल का संरक्षण करना चाहिए और प्रदूषण फैलाने वाले कार्यों से बचना चाहिए। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। यदि हम आज पर्यावरण को बचाएँगे, तभी आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित भविष्य पा सकेंगी

**1. प्रकृति से हमें क्या प्राप्त होता है?**
(क) धन और वैभव (ख) स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और हरियाली
(ग) मशीनें और तकनीक (घ) केवल भोजन

**2. पर्यावरण असंतुलन का मुख्य कारण क्या है?**
(क) शिक्षा (ख) खेलकूद (ग) बढ़ते प्रदूषण और वनों की कटाई (घ) मनोरंजन

**3. पर्यावरण असंतुलन का प्रभाव किस पर पड़ता है?**
(क) केवल जानवरों पर (ख) केवल पौधों पर (ग) केवल शहरों पर (घ) मानव जीवन पर

**4. पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें क्या करना चाहिए?**
(क) अधिक वाहन चलाने चाहिए (ख) जल की बर्बादी करनी चाहिए
(ग) पेड़ लगाने और जल का संरक्षण करना चाहिए (घ) जंगल काटने चाहिए

**5. गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?**
(क) तकनीकी विकास (ख) पर्यावरण संरक्षण का महत्व
(ग) शहरी जीवन (घ) प्राकृतिक आपदाएँ

**<u>प्रश्न 2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए |</u>**

हमारी यह धरती भी इसी तरह की खूब बड़ी गुल्लक है। मिट्टी की बनी इस विशाल गुल्लक में प्रकृति वर्षा के मौसम में खूब पानी बरसाती है। तब रुपयों से भी कई गुना कीमती इस वर्षा को हमें इस बड़ी गुल्लक में जमा कर लेना चाहिए। हमारे गाँव में, शहर में जो छोटे-बड़े तालाब, झील आदि हैं, वे धरती की गुल्लक में पानी भरने का काम करते हैं।इनमें जमा पानी जमीन के नीचे छिपे जल के भंडार में धीरे-धीरे रिसकर, छनकर जा मिलता है। इससे हमारा भूजल भंडार समृद्ध होता जाता है। पानी का यह खजाना हमें दिखता नहीं, लेकिन इसी खजाने से हम बरसात का मौसम बीत जाने के बाद पूरे साल भर तक अपने उपयोग के लिए घर में, खेतों में, पाठशाला में पानी निकाल सकते हैं। लेकिन एक दौर ऐसा भी आया जब हम लोग इस छिपे खजाने का महत्व भूल गए और जमीन के लालच में हमने अपने तालाबों को कचरे से पाटकर, भरकर समतल बना दिया। देखते-ही-देखते इन पर तो कहीं मकान, कहीं बाजार, स्टेडियम और सिनेमा आदि खड़े हो गए।

**1. गद्यांश में धरती को किसके समान बताया गया है?**

(क) खजाने के (ख) खेत के (ग) गुल्लक के (घ) सागर के

**2. वर्षा के पानी को गद्यांश में कैसा बताया गया है?**

(क) साधारण (ख) अनुपयोगी (ग) रुपयों से भी अधिक कीमती (घ) हानिकारक

**3. तालाब और झील किस कार्य में सहायक होते हैं?**

(क) मकान बनाने में (ख) धरती की गुल्लक में पानी भरने में

(ग) कचरा जमा करने में (घ) भूमि समतल करने में

**4. भूजल भंडार कैसे समृद्ध होता है?**

(क) नदियों के बहाव से (ख) वर्षा के पानी के रिसकर जमीन में जाने से

(ग) बर्फ पिघलने से (घ) समुद्र के पानी से

**5. तालाबों के नष्ट होने का मुख्य कारण क्या बताया गया है?**

(क) प्राकृतिक आपदा (ख) जलवायु परिवर्तन

(ग) जमीन की लालच और कचरे से भरना (घ) पानी की अधिकता

**<u>प्रश्न 3. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए |</u>**

पीपल की ऊँची डाली पर
बैठी चिड़िया गाती है !
तुम्हें ज्ञात क्या अपनी

वन में जितने पंछी हैं, खंजन,
कपोत, चातक, कोकिल;
काक, हंस, शुक आदि वास

बोली में संदेश सुनाती है?
चिड़िया बैठी प्रेम-प्रीति की
रीति हमें सिखलाती है !
वह जग के बंदी मानव को
मुक्ति-मंत्र बतलाती है!

करते सब आपस में हिलमिल!
सब मिल-जुलकर रहते हैं वे,
सब मिल-जुलकर खाते हैं;
आसमान ही उनका घर है;
जहाँ चाहते, जाते हैं !

**1.चिड़िया कहाँ बैठकर गाती है**?

(क) ज़मीन पर (ख) पीपल की ऊँची डाली पर (ग) तालाब के पास (घ) खिड़की पर

**2. कविता के अनुसार, चिड़िया हमें कौन-सी रीति सिखाती है?**

(क) लड़ने-झगड़ने की (ख) प्रेम-प्रीति की

(ग) धन कमाने की (घ) अकेले रहने की

**3. वन में किन-किन पक्षियों का उल्लेख किया गया है?**

(क) शेर, हाथी, चीता (ख) खंजन, कपोत, चातक, कोकिल

(ग) कबूतर, तोता, गौरैया (घ) मोर, हंस, चील

4**. पक्षी आपस में कैसे रहते हैं? –**

(क) सब मिल -जुलकर रहते हैं। (ख) सब मिल -जुलकर खाते हैं।

(ग) झगड़ा करते रहते हैं। (घ) (क और ख) दोनों सही है।

**5. प्रस्तुत कविता के कवि कौन हैं?**

(क) आरसी प्रसाद सिंह (ख) महादेवी वर्मा

(ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) मुकुटधर पांडेय

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर चुनिए।**

1. जल-चक्र में बादलों का निर्माण किससे होता है?( वाष्प से / नदियों से)
2. ''आज इसे कुछ खाने को मत देना।" किसने कहा ? ( नर्स ने / नाना जी ने)
3. नानीजी सुधाकर काका के लिए ________लेकर गई थीं। (मूँग दाल की खिचड़ी **/** साबूदाने की खीर)
4. पक्षी किसे जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं ? ( जानवरों को / मनुष्यों को)

**5.** गिरिधर कविराय के अनुसार, बिना सोच-विचार के किया गया  कार्य कैसा होता है?**(** पछतावे का कारण / सुखद )

**6.** जल – चक्र का प्रमुख स्रोत _______ है । (सूर्य / पहाड़ )

**7.** गिरिधर कविराय किस सदी के कवि थे? (अठारहवीं सदी के /बारहवीं सदी के**)**

8 . पक्षी किस प्रकार विचरण करते हैं ? ( धीरे-धीरे / निर्भयता से )

**9 .** कवि ______ भुला देने की बात करते हैं । (अतीत / वर्तमान )

**10** . 'पानी रे पानी' पाठ के लेखक -----------हैं। (स्वयं प्रकाश / अनुपम मिश्र )

**11** . रिसेस में ठेले पर जाकर नमक मिर्च लगे ------खाते कटर -कटर। ( आम /अमरूद **)**

**12 .** देश के कई भाग --------में डूब जाते हैं। (**पाठ के आधार पर लिखिए )**

**13 .**पूर्णिमा से --- खाद्य सामग्री को जोड़ा गया है । ( गुझिया / पंजीरी )

**14 .** "पानी रे पानी" पाठ जल _____ पर ज़ोर देता है। ( संरक्षण / जीवन )

**15 .** विशेषण के___ भेद है।(चार / छह)

**16 .**कुंडलियों का संदेश हमें जीवन में _____ अपनाने के लिए प्रेरित करता है।(विवेक / शिक्षा **)**

**17 .** "नीला आसमान" में विशेषण कौन-सा है? (आसमान / नीला )

**18 .** जो लोगों में प्रिय हो। (लोगप्रिय /लोकप्रिय )

**19 .** 'उपेक्षा' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द है । **(**लापरवाही /अंशु )

**20. जोड़े बनाइए –**

| | |
|---|---|
| **1.** दाल -चावल | (क) आम |
| **2.** बंबई | (ख) हवा |
| **3.** जल चक्र | (ग) हरी मिर्च |
| **4.** कुंडलिया | (घ) चिड़िया |
| **5.** प्रेम -प्रीति | (च) गिरिधर |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए ।**

1. खचौड़ी ---------- 2. मजबूरि -------- 3. सममान ---------

4. जल संग्रहन ------- 5. बारिक --------- 6. मचछर-------

7. चितत ------ 8. थरमामीटर ------- 9. फर्ष -------

10. भुगोल ------ 11. कमायी --------- 12. बेंगलोर --------

**प्रश्न 6. नीचे दिए गए वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन करें -**

**1. (क)** राम स्कूल जाता हैं। । **(ख)** राम स्कूल जाता है।
**(ग)** राम स्कूल जाता है क्या। **(घ)** राम स्कूल जाते हैं।

**2. (क**) मैं कल बाजार जाऊँगा। **(ख)** मैं कल बाजार गया।
**(ग)** मैं कल बाजार जाते। **(घ)** मैं कल बाजार जाने।

**3. (क)** गोपाल मेरा अच्छे दोस्त हैं। **(ख)** गोपाल मेरा अच्छा दोस्त है।
**(ग)** गोपाल मेरे अच्छे दोस्त है। **(घ)** गोपाल अच्छा दोस्त हूँ ।

**4. (क)** उसने अपनी किताब पढ़ा। **(ख)** उसने अपनी किताब पढ़ी।
**(ग)** उसने अपनी किताब पढ़े। **(घ)** उसने अपनी किताब पढ़ते।

**5. (क)** मैं रेलगाड़ी पर आया **।** **(ख)** मैं रेलगाड़ी पे आया **।** **(ग)** मैं रेलगाड़ी से आया **।**
**(घ)** मैं रेलगाड़ी परा आया **।**

**6. (क)** मैं किताब लाना भूल गया **।** **(ख)** मैं किताब लानी भूल गया ।
**(ग)** मैंने किताब लाना भूल गया । **(घ)** मैं किताब लाया भूल गया ।

**7. (क)** मेरी माँ बहुत दयालु हैं। **(ख)** मेरी माँ बहुत दयालु है।
**(ग)** मेरी माँ बहुत दयालु हूँ। **(घ)** मेरी माँ बहुत दयालु थे।

**8. (क)** उसने अपने घर की सफाई किया। **(ख)** उसने अपने घर की सफाई की।
**(ग)** उसने अपने घर की सफाई किये। **(घ)** उसने अपने घर की सफाई करती।

**प्र 7)निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

1) ईश्वर ----------,---------------
2) पवित्र --------------------,--------------
3) प्रार्थना --------------,----------------
4) किरण --------------,-------------
5) गृह ------------,---------------
6) चाँद ---------------,--------------
7) चतुर --------------,---------------
8) आभूषण --------------------,-----
9) इच्छा -----------------,------
10) तोता ---------------,----------------
11) उपेक्षा ---------------,-------------
12) कपड़ा --------------,-------------
13) धन -----------,----------------------
14) नदी -------------,---------------------
15) पक्षी -------------,---------------------
16) पत्नी -------------,-------------------
17) पुत्र ------------------,-----------------
18) झण्डा ----------------,----------------
19) पंडित ---------------,-------------------
20) असुर ---------------,------------------

**प्र8)रेखांकित शब्द के सही पर्यायवाची शब्द चुनिए।**

1) विनय <u>पंडित</u> का बेटा है।

क) सुआ ,शुक ख) रश्मि ,अंशु ग) सयाना ,कुशल घ) सुधि ,विद्वान

2) गंगा एक पवित्र <u>नदी</u> है।

क) गहना ,ज़ेवर ख) दानव ,राक्षस ग) सरिता ,तरंगिनी घ) पावन ,स्वच्छ

**प्र9)निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित शब्द लिखिए।**

1) जिसका आरंभ न हो ------------
2) जो दिखाई न दे --------------
3) जिसका वर्णन न किया जा सके -----------
4) पूरे परिवार सहित --------------
5) ऊपर कहा गया --------------
6) दूसरों का अच्छा सोचने वाला ------------
7) मछली की तरह आँखोंवाली --------------
8) जिसका कोई आधार न हो -------------
9) जो लोगों में प्रिय हो ------------
10) सदा रहने वाला ------------
11) हित चाहनेवाला ---------------
12) जिसे पढ़ा न गया हो -------------
13) जो काम न करे ----------------
14) जो सब जगह व्याप्त हो -------------
15) पढ़े जाने योग्य ----------------
16) जो पहले हो चुका हो --------------
17) जो सहन करने योग्य न हो --------
18) जिसकी संतान न हो --------------
19) जिसके हृदय में दया न हो ----------
20) जो अधिक जानता हो ----------------

**प्र 10)सही वाक्यांश बोधक शब्द चुनिए।**

1) दूसरों का अच्छा सोचने वाला –
   क) बहुज्ञ ख) मीनाक्षी ग) हितैषी घ) शुभचिंतक
2) पूरे परिवार सहित ---
   क) पठनीय ख) निराधार ग) सपरिवार घ) निर्दयी

**प्र 11)निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।**

1) बेवक्त -------------
2) विशाल ---------------
3) हक ---------------
4) समृद्ध --------------
5) थम जाना ----------------
6) पछिताय -----------------
7) सम्मान ---------------
8) राग रंग -------------------
9) खटकत -------------------
10) स्वच्छंद --------------------
11) अभिवादन ------------------
12) झपकी --------------------
13) अरहर --------------
14) रजाई -----------------
15) वार्ड --------------
16) विचरण ---------------
17) खंजन ---------------
18) निर्भय ----------------

**प्र 12)निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

1) हक ----------------------------------------------------------------
2) बेवक्त -------------------------------------------------------------
3) विशाल -------------------------------------------------------------
4) काढ़ा ------------------------------------------------------------------
5) नब्ज़ ---------------------------------------------------------------------------
6) नर्स -----------------------------------------------------------------------
7) आहट ------------------------------------------------------------------------

**प्र 13)दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

1) समुद्र का पानी क्या बनकर ऊपर जाता है ?
2) जल -चक्र में किसकी भूमिका बहुत बड़ी है ?
3) पाठ में सिक्के के दो पहलू किसको कहा गया है ?
4) भूजल का अर्थ क्या है ?
5) कहानी में ड्राइक्लीनर का नाम क्या है ?
6) कहानी में किसको साबूदाने की खीर मिलने की उम्मीद नहीं थी ?
7) भुक्कड़ कहीं का। पूरा हाथ भी सान रहा है। (कौन और किसके बारे में कह रहा है ?)
8) कहानी में कौन नाश्ता छोड़कर कॉलेज की बस पकड़ने भागीं ?
9) बिना बिचारे काम करने के क्या परिणाम होते हैं ?
10) ''जो बनि आवै सहज में ताही में चित देइ '' पंक्ति का अर्थ क्या है ?
11) कविता में चिड़िया मनुष्य की किस भावना को त्यागने के लिए कहती हैं ?
12) पक्षी अपना पेट कैसे भरते हैं ?
13) कविता में चिड़िया को किस चीज़ की चाह नहीं है ?
14) 'चिड़िया' कविता हमें क्या संदेश देती है ?
15) कुंडलिया कविता में 'जिय' शब्द का क्या अर्थ है ?
16) अकाल और बाढ़ से बचने का क्या उपाय है ?
17) बीमार होने का नाटक करने के बाद बच्चे को क्या महसूस हुआ ?
18) कोई भी व्यक्ति हँसी का पात्र कब बन जाता है ?
19) चिड़िया वातावरण को सुंदर कैसे बनाती है ?
20) विशेषण के भेदों के नाम लिखिए।

**प्र 14) रेखांकित शब्दों के विशेषण के भेद लिखिए।**

1) कुछ लोग आपस में लड़ रहे हैं।
2) मेरे पास बड़ा घर है।
3) पार्क में पाँच बच्चे खेल रहे हैं।
4) चाय में एक चम्मच चीनी डालना।
5) थोड़ा घी दे दो।
6) ये लोग कब से बात कर रहे हैं।
7) मोहन हर दिन दो फल खाता है।

8) मालिक ने नौकर को कुछ पैसे दिए।
9) माधव परिश्रमी लड़का है।
10) आकाश में तारे चमक रहे हैं।

**प्र 15)निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर विशेषण के भेद चुनिए ।**

1) पिता जी चार किलो अनार लाए।
   क) गुणवाचक विशेषण ख) सार्वनामिक विशेषण ग) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण घ) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
2) गाड़ी में कुछ पेट्रोल डलवा दो।
   क) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण ग) गुणवाचक विशेषण घ) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
3) मेरे पास बहुत खिलौने हैं।
   क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण ख) सार्वनामिक विशेषण ग) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण घ) इनमें से कोई नहीं
4) माधुरी बहुत चालाक है।
   क) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण ख) निश्चित संख्यावाचक विशेषण ग) सभी गलत घ) गुणवाचक विशेषण

**प्र 16) 'भारत की ऋतुएँ'** विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

**प्र 17) अपने पिताजी को पत्र लिखकर वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के विषय में बताइए।**

***Note: Learn Questions answers from notebook and read Text book thoroughly.***